# बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कम्पनी लिमिटेड पटना

## विद्युत भवन, बेली रोड, पटना

कार्यालय आदेश संख्या 32 / पटना, दिनांक 10/10/14 /

मौसम विज्ञान विभाग के पूर्वानुमान के आलोक में दिनांक 12/10/2014 को देश के पूर्ववर्ती तटो पर चक्रवाती तूफान (HUDHUD) आने की आशंका व्यक्त की गई है। पूर्वानुमानित चक्रवाती तूफान से संचरण लाईनों तथा टावरों की क्षति एवं उनके टूटने की संभावना हो सकती है, जिससे न केवल विद्युत आपूर्ति बाधित होगी बल्कि जन–जीवन पर भी गम्भीर खतरा हो सकता है। आपदा की ऐसी सम्भावित परिस्थिति के मद्देनजर बिहार स्टेट पावर ट्रान्समिशन कम्पनी लिमिटेड, पटना के मुख्यालय एवं क्षेत्रीय सभी कर्मियों तथा पदाधिकारियों के अवकाश को रद्द करते हुए निम्नांकित निदेश दिये जाते हैं:

1 पटना एवं मुजफ्फरपुर जोन के महाप्रबंधक–सह–मुख्य अभियंता अपने अधीनस्थ सभी कर्मियों एवं पदाधिकारियों के अवकाश को रद्द करते हुए उन्हें यथाशीघ्र अपने कार्यालय मुख्यालय में उपस्थित होने का निर्देश जारी करेंगे तथा इस आशय की सूचना मोबाईल पर SMS संदेश द्वारा भी सभी सम्बधितों को देंगे।

2 दोनों जोन के महाप्रबंधक–सह–मुख्य अभियंता अपने अधीनस्थ सभी कर्मियों एवं पदाधिकारियों विशेषकर अनुरक्षण दल (मेंटेनेन्स टीम) को आकस्मिक परिस्थिति से निपटने हेतु तत्पर रहने एवं सभी आवश्यक अग्रिम तैयारियों को पूर्ण करने का निदेश देंगे।

3 महाप्रबंधक–सह–मुख्य अभियंता , पटना विशेष रूप से बिहार शरीफ अंचल के अन्तर्गत बिहार शरीफ–हाथीदह, बिहार शरीफ–बेगूसराय, बिहार शरीफ– बोधगया एवं हाथीदह–शेखपुरा तथा महाप्रबंधक–सह–मुख्य अभियंता, मुजफ्फरपुर कहलगॉव–कहलगॉव, कहलगॉव–सबौर, सबौर–सुल्तानगंज, पूर्णिया – बरौनी एवं किशनगंज–फारबिसगंज संचरण टावरों एवं लाईनों की निरंतर निगरानी एवं सतर्कता बरतेगें।

4 उपर्युक्त वर्णित संचरण टावरों एवं लाईनों के साथ साथ विशेष रूप सें राज्य के समस्त 220 के0भी0 संचरण लाईनों को भी गहन निगरानी में रखा जाए क्योंकि इनके द्वारा अनेक ग्रिड सब–स्टेशनो को विद्युत आपूर्ति की जाती है।

5 उपरोक्त उपर्युक्त वर्णित संचरण टावरों एवं लाईनों का आज से ही विशेष दल गठित कर चौकसी बरतते हुए पर्यवेक्षण कराना सुनिश्चित करेगें तथा किसी प्रकार की तकनीकि त्रुटि पायी जाने पर त्वरित सुरक्षात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करेंगें।

6 मुख्यालय स्तर भी मुख्य अभियंता (संचरण) एवं मुख्य अभियंता (संचरण–ओ0एण्ड0एम0) सभी प्रकार के अग्रिम सुरक्षात्मक कारेवाई पूर्ण करते हुए अपने अधीनस्थ सभी कर्मियों/पदाधिकारियों एवं आवश्यक सामग्रियों/उपकरणों को तैयार रखेंगे।

7 मुख्य अभियंता संचरण, (ओ0 एण्ड एम0) एवं अधीक्षण अभियंता, SLDC दोनों स्वयं विद्युत भवन पटना स्थित SLDC में लगातार बने रहेंगे तथा सूचनाओं का संग्रहण करते हुए सम्बंधित पदाधिकारियों को यथा आवश्यक त्वारित कार्रवाई करने हेतु निर्देश जारी करेंगे।

8 संचरण के दोनों जोन के महाप्रबंधक–सह– मुख्य अभियंता, यथा आवश्यकता अपने क्षेत्राधीन एक नियंत्रण कक्ष (Control Room ) की स्थापना करेंगे तथा उसके सम्बंध में मुख्यालय में मुख्य अभियंता, संचरण एवं मुख्य अभियंता (संचरण,ओ0एंड0एम0) को संसूचित करेंगे।

9 पूर्वानुमानित चक्रवाती तूफान से किसी संचरण लाईन अथवा टावर के क्षतिग्रस्त होने या टूटने की सूचना प्राप्त होने पर सम्बंधित जोन के महाप्रबंधक–सह–मुख्य अभियंता अविलम्ब मुख्य अभियंता, संचरण एवं मुख्य अभियंता संचरण, (ओ0 एण्ड एम0)/अधीक्षण अभियंता, SLDC को सूचना देंगे, जिस पर मुख्य अभियंता, (संचरण) एवं मुख्य अभियंता संचरण, (ओ0 एण्ड एम0) पुनर्स्थापना (Restoration) की कार्रवाई तुरंत सुनिश्चित करेंगे तथा कृत कार्रवाई से अधोहस्ताक्षरी को लगातार अवगत कराते रहेंगे।

(संजय कुमार सिंह)
प्रबंध निदेशक

ज्ञापाक__________/ दिनांक__________/

प्रतिलिपिः मुख्य अभियंता,(संचरण)/मुख्य अभियंता (संचरण,ओ0एंड0एम0)/ महाप्रबंधक–सह– मुख्य अभियंता, संचरण जोन पटना/मुजफ्फरपुर /अधीक्षण अभियंता, SLDC/ उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन एवं प्रशासन) बिहार स्टेट पावर ट्रान्समिशन कम्पनी लिमिटेड, पटना को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

(संजय कुमार सिंह)
प्रबंध निदेशक

ज्ञापाक__________/ दिनांक__________/

प्रतिलिपिः प्रबंध निदेशक, साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड/प्रबंध निदेशक, नार्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड पटना को सूचनार्थ।

(संजय कुमार सिंह)
प्रबंध निदेशक

ज्ञापाक 180 / दिनांक 10/10/14 /

प्रतिलिपिः अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक, बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कम्पनी लिमिटेड, पटना को सूचनार्थ।

(संजय कुमार सिंह)
प्रबंध निदेशक